# मुख्य अभियंता के सभी रिक्त पदों पर पदस्थापन शीघ्र : विजय सिन्हा

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि पथ निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता के पदों पर शीघ्र पदस्थापन होगा। विभाग में मुख्य अभियंता के 18 स्वीकृत पद हैं, जिनमें आठ रिक्त हैं। कुछ लोग अतिरिक्त प्रभार में भी हैं। अधीक्षण अभियंता के स्वीकृत 71 पदों के विरुद्ध 18 पद रिक्त हैं। कार्यपालक अभियंता के 273 पद हैं, जिनमें 105 पद खाली हैं।



विजय कुमार सिन्हा

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आयी है कि पिछले दो-तीन महीने में वरीय पदों पर काम कर रहे अभियंता रिटायर हुए हैं। इससे विभाग में कार्य की गति प्रभावित हो रही है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि मुख्य अभियंता के सभी पदों पर पदस्थापन की कार्रवाई शीघ्र की जाए। वैसे अभियंता जो मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थापन की अर्हता रखते हैं उन्हें वेतनमान सहित उच्चतर पद का प्रभार दिया जाए। प्रत्येक उपभाग में मुख्य अभियंता का दायित्व सबसे महत्वपूर्ण है। पदों को शीघ्र भरा जाना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गैर संवर्गीय पदों पर पदस्थापित अभियंताओं के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। बहुत सारे इंजीनियर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम व पथ विकास निगम में कई वर्षों से पदस्थापित हैं। उनके कार्यों की भी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता के पद पर एक साथ 500 नियुक्तियां हुई हैं जिससे विभाग की क्षमता बढ़ी है। सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर भी शीघ्र नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है।

**18** पद पथ निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता के लिए स्वीकृत, जिसमें आठ रिक्त